मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 2006 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 28 फरवरी, 2006 (फाल्गुन 9, 1927)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख

(1) श्री प्यारेलाल चौधरी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा

(2) श्री बंकिम जोशी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (क्रमांक 42 सन् 2005) की धारा 33 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ. 5-1-06-बाईस-वि-4,दिनांक 30 जनवरी, 2006 पटल पर रखेंगे.

4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री रामनिवास रावत, राजेश पटेल, सज्जन सिंह वर्मा, सदस्य, बालाघाट जिले में अविवाहित युवकों की नसबंदी आपरेशन किये जाने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) पं. हरिचरण तिवारी, सदस्य, राजगढ़ जिले में सहकारी बैंकों द्वारा कृषकों से ऋण की जबरन वसूली करने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

5. वर्ष 2006-2007 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा का पुनर्ग्रहण.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक: 27 फरवरी, 2006